2007: CGHC:10896

<u>छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर</u>

<u>दांडिक अपील क्रमांक **532/1990**</u>

रामकुमार

बनाम

छत्तीसगढ़ राज्य

<u>निर्णय</u>

निर्णय हेतु दिनांक**: 11-06-2007** को सूचित

हस्ताक्षरित/-

सुनील कुमार सिन्हा

न्यायाधीश

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

दांडिक अपील क्रमांक **532/1990**

अपीलार्थी**:**
रामकुमार, पिता भुवनलाल देवांगन, उम्र लगभग 20 वर्ष, निवासी टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

बनाम

प्रत्यर्थी**:**
छत्तीसगढ़ राज्य, द्वारा पुलिस थाना आमानाका, रायपुर (छत्तीसगढ़)

पक्षों की ओर से उपस्थिति:

श्री श्याम टेकचंदानी, अपीलार्थी के अधिवक्ता।

श्री अरुण साव, राज्य के शासकीय अधिवक्ता।

निर्णय
(11.06.2007)

सुनील कुमार सिन्हा, न्यायाधीश

WebCopy High Court of Chhattisgarh Bilaspur

1. यह अपील द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, रायपुर द्वारा सत्र विचारण क्रमांक 119/1987 में पारित दोषसिद्धि एवं दण्डादेश के निर्णय दिनांक 2-3-1990 के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया है, जिसके अंतर्गत अपीलार्थी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के अंतर्गत दोषी ठहराया गया था और उसे 7 वर्ष के लिए कठोर कारावास एवं 1000/- रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। जुर्माना अदा न करने पर उसे अतिरिक्त 6 माह के लिए कठोर कारावास की सजा भी भुगतनी होगी। हालाँकि, उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 394 के अंतर्गत दोषमुक्त कर दिया गया था।
2. इस अपीलार्थी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 394 और 376 के तहत आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष का पक्षकथन यह है कि दिनांक 17-12-1986 को लगभग 9 बजे सुबह, अभियोक्त्री अर्थात गीता बाई, एक परित्यक्त महिला उम्र लगभग 24 वर्ष, अपीलार्थी से फूलचौक, रायपुर में मिली। वह कुछ मजदूरी के काम की तलाश में थी। यह छलावें में कि अपीलार्थी काम का प्रबंध करेगा, वह अपीलार्थी के साथ ग्राम भाटागांव चली गई, जो रायपुर से कुछ दूरी पर है। अभियोजन पक्ष का आगे का पक्षकथन यह है कि ग्राम भाटागांव के निकट, अपीलार्थी अभियोक्त्री को एक कृषि क्षेत्र में ले गया और उसके बाद, चाकू की नोक पर, उसने उसके साथ जबरन लैंगिक संभोग किया। अभियोजन पक्ष का यह भी कथन है कि एक बार लैंगिक संभोग करने के बाद, वे लगभग आधे घंटे तक वहां रहे और फिर अपीलार्थी ने दूसरी बार लैंगिक संभोग किया और उसके बाद, उसने अभियोक्त्री से कुछ चांदी के गहने छीन लिए और उसे क्षति भी पहुँचाईं। अभियोक्त्री का आरोप है कि लैंगिक संभोग करते समय, अपीलार्थी ने उसके गले में रस्सी डाल दी थी और उसके बाद, उसके द्वारा जबरदस्ती लैंगिक संभोग किया गया। अभियोक्त्री ने उसी दिन शाम 4:45 बजे चौकी टिकरापारा, थाना पुरानी बस्ती, रायपुर में प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्रदर्श पी/1) दर्ज कराई। जाँच के दौरान, उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया और उसकी चोटों की जाँच डॉ. राजेंद्र कुमार (अभियोजन साक्षी-5) ने की, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रदर्श पी/8-ए तैयार की। उनकी रिपोर्ट के अनुसार, अभियोक्त्री की आँखों में सूजन थी और गर्दन के सामने की तरफ

खरोंच थी। उनके विचार में दोनों चोटें किसी कठोर और कुंद वस्तु से लगी थीं और चोट क्रमांक 2 सामान्य प्रकृति की थी और चोट क्रमांक 1 के लिए उन्होंने अभियोक्त्री को नेत्र शल्य चिकित्सक के पास भेजा, जिसने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट प्रदर्श-पी/5 दी। ऐसा प्रतीत होता है कि इसके बाद अभियोक्त्री की जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ एस. रंगन्ना, आरएमओ, प्रसूति अनुभाग, डी.के. अस्पताल, रायपुर ने भी की, जिन्होंने अभियोक्त्री के गुप्तांगों पर चोट का कोई निशान नहीं पाया। जघन बालों का कोई जमाव एवं वीर्य जैसे कोई धब्बे आदि नहीं पाए गए। योनि स्राव और कोई स्त्री रोग संबंधी समस्या भी नहीं देखी गई। अपीलार्थी को गिरफ्तार किया गया और डॉ. पी.एल. यदु (अभियोजन साक्षी-4) ने उसकी जांच की, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रदर्श पी/9-ए दी। इस रिपोर्ट के अनुसार, अपीलकर्ता के शरीर पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई और अन्य सामान्य लक्षणों में, अपीलकर्ता लैंगिक संभोग बनाने में सक्षम पाया गया। सामान्य जाँच पूरी होने के बाद, आरोप पत्र दाखिल किया गया।

3. विद्वान सत्र न्यायाधीश ने अपीलार्थी को भारतीय दंड संहिता की धारा 394 के तहत दोषमुक्त कर दिया। उन्होंने आक्षेपित निर्णय के पैरा 14 से 16 के अनुसार यह निष्कर्ष दर्ज किया कि चूँकि अपीलार्थी के कब्जे से कोई संपत्ति जब्त नहीं की गई थी और यहाँ तक कि विवेचना अधिकारी ने अपीलार्थी से ऐसी संपत्ति के बारे में पूछताछ भी नहीं की थी, जबकि उसे उक्त रिपोर्ट के 2 दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया था, इसलिए उसके विरुद्ध उक्त अपराध नहीं बनता। हालाँकि, उन्होंने केवल अभियोक्त्री के साक्ष्य के आधार पर धारा 376 भारतीय दंड संहिता के तहत दोषसिद्धि का निष्कर्ष दर्ज किया। उन्होंने अभियोक्त्री द्वारा बताई गई कहानी पर, जहाँ तक वह उसके साथ जबरन लैंगिक संभोग किये जाने से संबंधित है, विश्वास किया।

4. अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत किया कि अभियोक्त्री की एकमात्र गवाही के आधार पर दोषसिद्धि कानून के अनुसार नहीं है और इसे अपास्त किया जाना चाहिए।

5. दूसरी ओर, राज्य के विद्वान अधिवक्ता ने इन तर्कों का विरोध किया। उन्होंने सत्र न्यायालय द्वारा पारित दोषसिद्धि और सजा के आदेश का समर्थन किया।

6. मैंने पक्षकारों के विद्वान अधिवक्ताओं को विस्तार से सुना है और सत्र मामले के अभिलेखों का भी अवलोकन किया है।

7. यह स्वीकृत है कि अभियोक्त्री गीता बाई (अभियोजन साक्षी-1) घटना के दिन लगभग 23-24 वर्ष की थी और वह अपीलार्थी को पहले से जानती थी। उसने गवाही दी कि अपीलार्थी उसे अपने साथ भाटापारा ले गया और उसे एक खुले मैदान में ले जाया गया, जहाँ उसके साथ जबरदस्ती लैंगिक संभोग किया। उसने गवाही दी कि उस समय अपीलार्थी ने उसके गले में रस्सी डाल दी थी और उसकी आँखों पर टेपा (छोटे कपड़े का एक टुकड़ा) बांध दिया था। उसने यह भी बताया कि उसने किस प्रकार लैंगिक संभोग किया। उसने गवाही दी कि लैंगिक संभोग करने में उन्हें आधा घंटा लगा। अपीलार्थी ने उसे खेत में लेटा दिया और उसकी साड़ी और पेटीकोट उतारकर उसके साथ लैंगिक संभोग किया। उसने आगे बताया कि पहली बार लैंगिक संभोग करने के एक घंटे बाद, अपीलार्थी ने उसके साथ दूसरी बार लैंगिक संभोग किया और वह भी आधे घंटे तक चला। उसने पैरा-2 के अनुसार आगे बताया कि इसके बाद, अपीलार्थी ने उसके पहने हुए चांदी के गहने ले लिए और घटनास्थल से भाग गया। प्रतिपरीक्षा में, पैरा-10 के अनुसार , उसने स्वीकार किया कि पहली बार लैंगिक संभोग करने के बाद, वे दोनों आधे घंटे तक चुपचाप खेत में बैठे रहे और उसके बाद, दूसरी बार लैंगिक संभोग किया। प्रतिपरीक्षा में उसकी यह स्वीकृति इस प्रकार है :

> "पहले बार बुरा काम करने के आधा घंटे बाद दूसरे बार बुरा काम किया। आधा घंटा तक हमलोग दोनों उस खेत में चुपचाप खेत में बैठे रहे। बात नहीं किए। घटना सुबह की नहीं बल्कि दोपहर की हैं। जो कि एक डेढ़ बजे की बात है।"

Web Copy High Court of Chhattisgarh Bilaspur

8. इस साक्ष्य और अभियोक्त्री की चिकित्सीय रिपोर्ट के अनुसार, यह स्पष्ट है कि वह स्वेच्छा से अपीलार्थी के साथ रायपुर से भाटागांव गई, दोनों पैदल वहाँ गए और भाटागाँव गाँव (जिसका उल्लेख प्रथम सूचना रिपोर्ट में भाटागाँव के रूप में किया गया है, लेकिन बयान में भाटापारा बताया गया है) के आसपास के क्षेत्र में वे एक खेत की ओर गए, जहाँ अपीलार्थी ने अभियोक्त्री को खेत में लिटा दिया और उसकी साड़ी और पेटीकोट उतारकर उसके साथ लैंगिक संभोग किया। अभियोक्त्री के स्वीकृति के अनुसार, पहली बार लैंगिक संभोग करने के बाद, वे आधे घंटे तक चुपचाप खेत में बैठे रहे और उसके बाद दूसरी बार लैंगिक संभोग किया। अभियोक्त्री यह नहीं कह रही है कि या तो अपीलार्थी उसे जबरन ले गया था या उसने पहले लैंगिक संभोग करने के बाद उसे जबरन रोका था और उसके बाद ही दूसरी बार लैंगिक संभोग किया गया था। वह केवल यह आरोप लगाती है कि लैंगिक संभोग करते समय उसके गले में रस्सी डाली गई थी और पहले लैंगिक संभोग के समय उसकी आँखों पर टेपा (कपड़ा) बाँध दिया गया था। जहाँ तक अभियोक्त्री का कथन रस्सी डालने और आँखों पर कपड़ा बाँधने से संबंधित है, वह सत्य प्रतीत नहीं होता। अभियोक्त्री के ऐसे साक्ष्य को अधिक महत्व नहीं दिया जा सकता, विशेष रूप से उस परिस्थिति में , जब सत्र न्यायालय ने बलपूर्वक आभूषण छीनने संबंधी उसकी कहानी पर विश्वास नहीं किया है और इस हद तक, उसे अविश्वसनीय ठहराया गया है।

9. अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पर्याप्त अवसर के बावजूद, अभियोक्त्री न तो घटनास्थल से भागी और न ही उसने किसी अन्य व्यक्ति की मदद ली, उसकी पीठ या जांघ पर उसके गुप्तांग सहित कोई चोट नहीं थी और लगी चोटों के बारे में उसने स्वयं बताया कि ये हमले की चोटें थीं और इसके अलावा, वह अपीलार्थी के साथ मैदान में आधे घंटे तक चुपचाप बैठी रही और उसके बाद दूसरी बार लैंगिक संभोग किया गया, इसलिए, उसके पूरे आचरण से पता चलता है कि वह सहमति देने वाला पक्षकार थी।

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur

10. अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों में दम है और अभियोक्त्री के आचरण को देखते हुए, इस मामले में उसके सहमति देने वाली पक्षकार होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता।

11. अभियोजन पक्ष की ओर से उसके विरुद्ध जबरन लैंगिक संभोग किए जाने के संबंध में दी गई गवाही न्यायालय को विश्वास दिलाने में सक्षम नहीं है, जिससे उसकी गवाही के आधार पर दोषसिद्धि की जा सके , विशेष रूप से उस परिस्थिति में जब आभूषण छीनने के संबंध में दी गई उसकी कहानी पर सत्र न्यायालय ने पूरी तरह से विश्वास नहीं किया और अपीलार्थी को भारतीय दंड संहिता की धारा 394 के तहत दोषमुक्त कर दिया गया, जिसका अर्थ है कि उसे उसके द्वारा लगाए गए आरोपों के उस भाग के लिए एक विश्वसनीय गवाह नहीं माना गया। इसलिए, इस मामले में उसकी सहमति से पक्षकार होने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता।

12. तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, अपीलार्थी को दी गई दोषसिद्धि और सजा अपास्त किए जाने योग्य है और तदनुसार उसे अपास्त किया जाता है। उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत लगाए गए आरोपों से दोषमुक्त किया जाता है। यह बताया गया है कि अपीलार्थी जेल में है। यदि किसी अन्य मामले में इसकी आवश्यकता न हो, तो उसे तत्काल रिहा किया जाए।

13. अपील स्वीकार की जाती है।

हस्ताक्षरित/-
सुनील कुमार सिन्हा
न्यायाधीश

अस्वीकरण: हिन्दी भाषा में निर्णय का अनुवाद पक्षकारों के सीमित प्रयोग हेतु किया गया है ताकि वो अपनी भाषा में इसे समझ सकें एवं यह किसी अन्य प्रयोजन हेतु प्रयोग नहीं किया जाएगा। समस्त कार्यालयीन एवं व्यवहारिक प्रयोजनों हेतु निर्णय का अंग्रेजी स्वरुप ही अभिप्रमाणित माना जाएगा और कार्यान्वयन तथा लागू किए जाने हेतु उसे ही वरीयता दी जाएगी।

Translated By Shubhangi Sahu

Web Copy
High Court of Chhattisgarh
Bilaspur